बदलते अल्फ़ाज़

फटाफट न्यूज

पैरीवेयर ने नये डिजिटल प्लेटफॉर्म कैम्पेन

आगरा। पैरीवेयर भारत में सैनिटरीवेयर प्रोडक्ट्स का सबसे बड़ा उत्पादक ब्राण्ड है। उसने कोविड-19 महामारी के बीच उपभोक्ताओं को खरीदारी का अबाध और स्पर्शरहित अनुभव देने के लिये अपने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'पैरीवेयर सेफ-बाइ' के माध्यम से अपने उत्पादों की खरीद ज्यादा आसान बनाकर अपनी पैठ को और मजबूती दी है। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पेरीवेयर के उत्पादों को खोजने, उनका उपभोग करने और उन्हें खरीदने, सर्विस और मरम्मत से जुड़े सवालों के लिये प्लम्बिंग टेक्निशियंस को बुक करने, और अपने घर या कार्यस्थल से सुविधा के साथ नजदीकी रिटेल पार्टनर्स और उत्पाद विशेषज्ञों से जुड़ने में यूजर्स की सहायता करता है। पिछले साल लॉन्च हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म पेरीवेयर सेफ बाय का लक्ष्य है बाथरूम से जुड़ी सभी चिंताओं को दूर करने के लिये खरीदारी के सबसे सुविधाजनक अनुभव के साथ स्पर्श-रहित और सामयिक समाधान प्रदान करना। इस प्लेटफार्म पर जागरूकता निर्मित करने के लिये पैरीवेयर ने हाल ही में #TapToP मार्केटिंग कैम्पेन लॉन्च किया है, जो दिखाता है कि पैरीवेयर सेफ बाइ किस तरह खरीदारी का सबसे सुरक्षित और सुविधाजनक अनुभव देता है। यह टैप से लेकर पॉट तक, यह सूचना भी देता है कि पैरीवेयर के पास उत्पादों और पीओटी - प्रोडक्ट्स, आउटलेट्स और टेक्निशियंस की संपूर्ण श्रृंखला है, जो आपकी उंगली के एक इशारे पर उपलब्ध होगी।